**जे बी अकादमी अयोध्या**

**अर्धवार्षिक परीक्षा 2025 - 26**

**कक्षा - X, विषय - हिंदी (कोर्स ए)**

**समय - 3 घंटा** **पूर्णांक - 80**

**सामान्य निर्देश:-**

**1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**2. इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं-क, ख, ग, घ।**

**3. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।**

## <u>खंड - क (अपठित बोध)</u>

**प्रश्न -1: निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए-**

संबंधों के मामले में सलाह देने वाले पेशेवरों का भी यह मानना रहा है कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं, जिनको आप ज़रा-से यत्न से रखें और समुचित मान- सम्मान दें तो हमारी खुशी का कारण बन सकते हैं। अपने निकट के रिश्तों या आत्मीय रिश्तो में सहयोग और सम्मान का भाव संबंधों को न सिर्फ प्रगाढ़ बनता है, बल्कि दुख-सुख में एक सुंदर सहयोग का तंत्र भी बन सकता है। इनका साथ मन को आंतरिक संतोष और शांति भी देता है। इसलिए समय-समय पर किसी त्योहार के बहाने या जन्मदिन के समारोह के बहाने इनसे मेलजोल बनाए रखना चाहिए और आने वाले रिश्तेदारों को समुचित सम्मान देना चाहिए। जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में परिवार, रिश्तेदार ही तो हमारी सबसे बड़ी ताकत होते हैं, जो परेशानियों में हमारी हिम्मत बढ़ाते हैं। मुसीबतों में हमारा समर्थन करते हैं और खुशियों को सौ गुना बढ़ा देते हैं। अकेले रहने वाला इंसान हमेशा चिंताग्रस्त रहता है। उसके पास अपनी समस्याओं को साझा करने के लिए, उन्हें संभालने के लिए कोई अपना नहीं होता। रिश्तेदारों के बीच रहकर ही व्यक्ति आपसी प्रेम के महत्व को, अपनी जिम्मेदारी को समझता है और मुसीबत में पड़े दूसरे लोगों की मदद करता है। इसलिए छोटी-छोटी बातों में रिश्तेदारों की अनदेखी करना, उनसे किनारा करना उचित नहीं है।

**क- खुशी पाई जा सकती है यदि-** **1**

A- रिश्तो के मामले में पेशेवरों की सलाह मानें

B- रिश्तों को प्रेम पूर्वक समुचित मान-सम्मान से बनाए रखें

C- जो रिश्ते बोझ हैं उन्हें भी समझाकर अपने मन के अनुसार ढालें

D- दोस्तों के साथ अधिक से अधिक समय बिताएं

**ख- संबंधों में परस्पर सहयोग और सम्मान का भाव किस कार्य की पूर्ति करता है-** **1**

I- रिश्तों को घनिष्ठ बनाता है

II- बेहतरीन सहयोग का तंत्र बनता है

III- अड़ोस-पड़ोस भी आपकी मदद करता है

IV- ज्यादा लोग आपका ध्यान रखते हैं

विकल्प :

A- I और IV सही हैं

B- II और III सही हैं

C- III और IV सही हैं

D- I और II सही हैं

**ग- निम्नलिखित कथन(A) तथा कारण (R) को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1**

कथन (A)- समय-समय पर अपने सगे-संबंधियों से त्योहार, जन्मदिन या अन्य समारोह के बहाने मिलते रहना चाहिए।

कारण (R)- यह मिलन मन को संतोष और शांति देते हैं।

A- कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

B- कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है

C- कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

D- कथन (A)सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

**घ- किसी न किसी बहाने रिश्तेदारों से मेल-जोल बनाए रखने का क्या महत्व है? 2**

**ङ- कौन-सा व्यक्ति मुसीबत में पड़े लोगों की मदद करता है? 2**

**प्रश्न -2: निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए-**

राख बनकर रह न जाए घर हमारा,
आग से बढ़कर हमें है डर तुम्हारा,
देश का नैतिक पतन उत्थान पर है,
सभ्यता इस देश की प्रस्थान पर है।
आचरण बिल्कुल अपावन हो चुके हैं,
हो सके तो आदमी बन कर दिखाओ।
आज घर की आग से घर को बचाओ।
देश का धन लूट कर घर भर रहे हो,
किंतु तुम चर्चा पराई कर रहे हो,
आग है चारों तरफ, पानी नहीं है,
एक भी बादल यहां दानी नहीं है।
तुम धरा की प्यास पर बरसो न बरसो,
इस चमन पर बिजलियां तो मत गिराओ।
आज घर की आग से घर को बचाओ।

**क- कविता में घर किसका प्रतीक है- 1**

A- मकान का B- गुफा का C- देश का D- झोपड़ी का

**ख- देश के लोगों का आचरण कैसा हो गया है- 1**

A- निकृष्ट B- उत्कृष्ट C- अपावन D- पवन

**ग- कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए- 1**

कथन (A)- देश का नैतिक पतन पर पराकाष्ठा पर है

कारण (R)- देश की सभ्यता समाप्त हो रही है

A- कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है

B- कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है

C- कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

D- कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

**घ- घर की आग से घर को बचाने का क्या आशय है? 2**

**ङ- कवि देश के अपावन आचरण वाले लोगों से क्या अपेक्षा रखता है? 2**

## <u>खंड - ख (व्याकरण)</u>

**प्रश्न -3: निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5)**

क- जेब से चाकू निकाल कर दोनों खीरों के सिर काटे। (संयुक्त वाक्य में बदलें)

ख- जिस टोली के अधिक बच्चे खिंच जाते हैं, उसकी हार होती है। (आश्रित उपवाक्य छाँटिये और उसका भेद लिखिए)

ग- जो शब्द सबसे कम समझ में आते हैं, ऐसे शब्द हैं सभ्यता और संस्कृति। (सरल वाक्य में बदलें)

घ- जब जापान जाने का अवसर मिला तब मैंने वहां वह अस्पताल भी देखा। (संयुक्त वाक्य में बदलें)

ङ- समूचा गांव खेतों में उतर पड़ा है और रोपनी कर रहा है। (सरल वाक्य में बदलें)

**प्रश्न -4: निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5)**

क- पान वाले ने यह रहस्य बता दिया। (कर्मवाच्य में बदलें)

ख- यह सुंदर रचना तुलसी द्वारा रची गई। (कर्तृ वाच्य में बदलें)

ग- उससे कहां चढ़ा जाएगा। (वाच्य का भेद बताइए)

घ- स्वयं प्रकाश ने अपना बचपन राजस्थान में बिताया। (वाच्य का भेद बताइए)

ङ- अब खेलते हैं। (भाव वाच्य में बदलें)

**प्रश्न -5: निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार पहचान कर लिखिए- (5)**

क- चरण-सरोज पखारन लागा

ख- प्राण अंतर में लिए पागल जवानी

ग- सूरदास अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यों पागी

घ- संतो भाई आयी ज्ञान की आंधी रे

ङ- मरकत डिब्बे-सा खुला ग्राम

## <u>खंड - ग (साहित्य)</u>

**प्रश्न -6: निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - (5)**

पूरी बात तो अब पता नहीं, लेकिन लगता है कि देश के अच्छे मूर्तिकारों की जानकारी नहीं होने और अच्छी मूर्ति की लागत अनुमान और उपलब्ध बजट से कहीं बहुत ज्यादा होने के कारण काफी समय ऊहापोह और चिट्ठी-पत्रों में बर्बाद हुआ होगा और बोर्ड की शासन अवधि समाप्त होने की घड़ियों में किसी स्थानीय कलाकार को ही अवसर देने का निर्णय किया गया होगा, और अंत में कस्बे के इकलौते हाई स्कूल के इकलौते ड्राइंग मास्टर- मान लीजिए मोतीलाल जी- को ही यह काम सौंप दिया गया होगा, जो महीने -भर में मूर्ति बनाकर 'पटक देने' का विश्वास दिला रहे थे।

**क- 'पूरी बात तो पता नहीं' यह बात किस प्रसंग से जुड़ी है?**

A- सड़क बनवाने के प्रसंग से
B- कवि सम्मेलन करवाने के प्रसंग से
C- नेताजी की मूर्ति बनवाने के प्रसंग से
D- हालदार साहब के काम पर जाने के प्रसंग से

**ख- बोर्ड ने अंतिम समय में कार्य किसे सौंपने का निर्णय लिया?**

A- विदेशी कलाकार को
B- आसपास के कलाकार को
C- देश के सुप्रसिद्ध कलाकार को
D- राज्य के सर्वाधिक पारिश्रमिक लेने वाले कलाकार को

**ग- मोतीलाल कौन थे?**

A- प्रसिद्ध नेता
B- सुप्रसिद्ध कलाकार
C- चित्रकला अध्यापक
D- नगर पालिका अधिकारी

**घ- 'पटक देने' का अर्थ निम्नलिखित में से क्या है?**

A- जमीन पर गिरा देना
B- मिट्टी में मिला देना
C- जल्दी से काम पूरा कर देना
D- बना काम बिगाड़ देना

**ङ- गद्यांश में भारतीय सरकारी कार्यालयों में किस क्रिया-कलाप की झलक मिलती है?**

A- समय से पहले काम पूरा करने की
B- निश्चित धनराशि से कम में ही काम पूरा कर लेने की
C- पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करने की
D- लिखा-पढ़ी के कारण समय पर काम पूरा ना हो पाने की

**प्रश्न -7: गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए- (3x2=6)**

क- बाल गोविन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी?

ख- लेखक के ज्ञान-चक्षु कैसे खुल गए?

ग- बिना कथ्य के कहानी लिखना संभव नहीं है। 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।

घ- पुत्र की मृत्यु पर बाल गोविन भगत के शोक मनाने का तरीका सामान्य लोगों के तरीके से सर्वथा अलग कैसे था?स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न -8: निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - (5)**

यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हंसी उड़ाऊ मैं।

भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं।
उज्जवल गाथा कैसे गाऊँ मधुर चांदनी रातों की।
अरे खिल-खिला कर हंसते होने वाली उन बातों की।
मिला कहां वह सुख जिसका मैं स्वप्न देख कर जाग गया।
आलिंगन में आते-आते मुसक्या कर जो भाग गया।

**क- 'उज्जवल गाथा' का आशय है -**

A- सुखद बातें B- दुखद बातें C- नीरस बातें D- कड़वी बातें

**ख- कवि किसकी उज्जवल गाथा गाने में असमर्थ है-**

A- अपने देश की B- अपने परिवार की C- अपने पूर्वजों की D- मधुर चांदनी रातों की

**ग- कवि ने किसका स्वप्न देखा था -**

A- प्रिय-मिलन के सुख का B- धन-प्राप्ति के सुख का
C- पुत्र-प्राप्ति के सुख का D- सफलता-प्राप्ति के सुख का

**घ- कवि के आलिंगन में आते-आते कौन भाग गया -**

A- पुत्र B- मित्र C- सुख D- भाई

**ङ- कवि के अनुसार विडंबना क्या है-**

A- मित्रों का उपहास करना B- सरलता की हंसी उड़ाना
C- मूर्खों की हंसी उड़ाना D- आत्मकथा ना लिखना

**प्रश्न -9: पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)**

क- उद्धव द्वारा दिए गए योग के संदेश ने गोपियों की विरह अग्नि में घी का काम कैसे किया?
ख- स्वयंवर स्थल पर शिव धनुष तोड़ने वाले को परशुराम ने किस प्रकार धमकाया?
ग- 'हारिल की लकरी' का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए बताइए कि गोपियों ने ऐसा क्यों कहा होगा?
घ- 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर तुलसी की काव्यगत विशेषताएं बताइए।

**प्रश्न -10: पूरक पाठ्य पुस्तक के पाठ के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए- (2x4=8)**

क- माता का अंचल पाठ में बच्चों की दुनिया आपके बचपन की दुनिया से कैसे भिन्न है?उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

ख- माता का अंचल पाठ में लेखक ने तत्कालीन समाज के पारिवारिक परिवेश का जो चित्रण किया है उसे अपने शब्दों में लिखिए।

ग- माता का अंचल पाठ जैसा वात्सल्य क्या वर्तमान की भागती-सी जिंदगी में भी देखने को मिलता है? इस प्रश्न के उत्तर में उपयुक्त तर्क भी दीजिए।

## <u>खंड - घ (रचनात्मक लेखन)</u>

**प्रश्न -11: निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- (6)**

**क- पर्यावरण संरक्षण : समय की मांग**

संकेत बिंदु= मानव और पर्यावरण में संबंध, संरक्षण की आवश्यकता क्यों?, संरक्षण की योजनाओं का प्रभाव

**ख- निष्पक्ष मीडिया : सफल लोकतंत्र**

संकेत बिंदु = भूमिका व अर्थ, लोकतंत्र पर प्रभाव, समस्याएं तथा समाधान

**ग- बाल श्रम**

संकेत बिंदु = समाज के लिए अभिशाप, बच्चों के शोषण का कारण, सरकारी प्रयास तथा हमारी जिम्मेदारी

**प्रश्न -12: किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए- (5)**

क- पंजाब नेशनल बैंक, सोनीपत द्वारा एक खाता धारी के रूप में आपको दी गई चैक बुक आपसे खो गई है। बैंक प्रबंधक को सूचित करते हुए अनुरोध करें कि आपके खाते से चैकों का भुगतान रोक दिया जाए।

**अथवा**

ख- इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर क्राइम में भी बहुत वृद्धि हुई है। इस बारे में अपने छोटी बहन/ छोटे भाई को सतर्क करने के लिए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न -13: अपने क्षेत्र के विधायक को जानवरों का एक अस्पताल खुलवाने के लिए लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए। (5)**

**प्रश्न -14: अपने किसी परिचित को विजयादशमी के अवसर पर लगभग 40 शब्दों में संदेश-लेखन कीजिए। (5)**